# टुकड़ो पे आपके माँ चलता मेरा गुजारा भजन लिरिक्स

टुकड़ो पे आपके माँ,
चलता मेरा गुजारा,
तेरा ही है भरोसा,
तेरा ही है भरोसा,
तेरा ही है सहारा,
टुकड़ों पे आपके माँ,
चलता मेरा गुजारा।bd।

तर्ज – दुनिया ने दिल दुखाया।

---

कबसे खड़ा हूँ माता,
नैनो में नीर ले के,
खुशियों से भर दो झोली,
रो रो तुम्हे पुकारा,
टुकड़ों पे आपके माँ,
चलता मेरा गुजारा।bd।

---

तू है दयालु दाती,
मैं हूँ निबल भिखारी,
तेरे सिवा कही भी,
दामन नहीं पसारा,
टुकड़ों पे आपके माँ,
चलता मेरा गुजारा।bd।

---

किसको पुकारू मैया,
थामेगा कौन बाहें,
मजधार में है नैया,
मिलता नहीं किनारा,
टुकड़ों पे आपके माँ,
चलता मेरा गुजारा।bd।

---

भावों की रुखी रोटी,
लाया भेंट तेरी,
‘नरसी’ ये लाल तेरा,
हालात का है मारा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

टुकड़ो पे आपके माँ,
चलता मेरा गुजारा,
तेरा ही है भरोसा,
तेरा ही है भरोसा,
तेरा ही है सहारा,
टुकड़ों पे आपके माँ,
चलता मेरा गुजारा।bd।

स्वर – नरेश नरसी जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com